This question paper contains **2** printed pages]

AN—290—2019

FACULTY OF ARTS

M.A. (First Year) (Second Semester) EXAMINATION

MARCH/APRIL, 2019

HINDI

Paper VIII

(स्त्रीवादी विमर्श एवं साहित्य, भाग-2)

(Tuesday, 30-4-2019) **Time : 10.00 a.m. to 1.00 p.m.**

Time—3 *Hours* *Maximum Marks*—75

सूचना :— (*i*) **सभी** प्रश्न अनिवार्य हैं।

(*ii*) दाहिनी ओर प्रश्नों के पूर्णांक दिए गए हैं।

1. संदर्भ सहित अर्थ स्पष्ट कीजिए :

(अ) "हओ, का होत मोंडियन को पढ़ा कें। कौन-सी नौकरी-चाकरी करानें हैं। पराये घर जाने हैं, सो काम-धन्धौ सीखें, गिरस्ती सम्भारे।" 10

अथवा

ऊंचे पूरे कद की सुन्दर प्रतिमा-सी उर्वशी किस अपराध की भागीदारी मानकर महादण्ड के लिये चुन ली नियती ने। अभिशप्त जीवन के अंधेरे सुरंग-द्वार खुल गये ...... किसने वध कर डाला उसके कपोत का ...... ? आते-जाते भाव मन को रोंदते रहते। न धीरज न शान्ति।

(आ) क्या विरोधाभास है — अब पढ़ी-लिखी, नौकरी करती लड़कियाँ सिर्फ हाई-फाई लाइफ-स्टाइल लिये, खुद को बेचने से नहीं हिचकिचाती ! मूल्यों का हनन भयावह है। 10

अथवा

"बाबू रामफल जी आपका दामाद, न होता, तो अपनी इज्जत पर हाथ डालने वाले को मैं किसी भी जुर्म में फँसा कर, जेल में चक्की पिसवाता। आप तुरंत उन्हें यहाँ से रवाना कर दो, वरना ......।"

P.T.O.

B8DDC27F8159D352AC3F15298D5A5D92

2. हिंदी में स्त्रीवादी साहित्य लेखन परंपरा पर प्रकाश डालिए। 10

अथवा

'स्त्री जीवन में परिवर्तन स्त्री शिक्षा एवं आत्मनिर्भरता द्वारा ही संभव है।' स्त्रीवादी विमर्श, समाज और साहित्य के आधार पर स्पष्ट कीजिए।

3. 'बेतवा बहती रही' उपन्यास की कथावस्तु की समीक्षा कीजिए। 15

अथवा

"उर्वशी की संघर्षमय स्थिति का चित्रण 'बेतवा बहती रही' में हुआ है।" चर्चा कीजिए।

4. 'पिंजरे की मैना' शीर्षक की सार्थकता सिद्ध कीजिए। 15

अथवा

पुरुष सत्तात्मक समाज की विकृत मानसिकता का चित्रण 'पिंजरे की मैना' में किस प्रकार हुआ है – विशद कीजिए।

5. निम्नलिखित में से किन्हीं **दो** प्रश्नों के उत्तर लगभग **15-20** पंक्तियों में लिखिए : 5

(*i*) शिवानी के कृतित्व पर प्रकाश डालिए।

(*ii*) मंजुल भगत के साहित्य की विशेषताएँ प्रस्तुत कीजिए।

(*iii*) रमणिका गुप्ता का जीवन-परिचय दीजिए।

(*iv*) मृणाल पांडे का साहित्यिक योगदान विशद कीजिए।

6. (अ) निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर **एक** पूर्ण वाक्य में लिखिए : 5

(*i*) 'टूटा हुआ इंद्रधनुष' किसकी रचना है ?

(*ii*) चित्रा मुद्‌गल का जन्म कब हुआ ?

(*iii*) शिवानी का मूल नाम क्या है ?

(*iv*) अनारो किस विधा की रचना है ?

(*v*) रमणिका गुप्ता का जन्म कब हुआ ?

(आ) रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए : 5

(*i*) चौदह फेरे के रचनाकार .... हैं।

(*ii*) शिवानी का जन्म .... प्रदेश में हुआ।

(*iii*) रमणिका गुप्ता .... पत्रिका की संपादिका हैं।

(*iv*) मृणाल पांडे का जन्म .... इ.स. में हुआ।

(*v*) अनारो के रचनाकार .... हैं।

B8DDC27F8159D352AC3F15298D5A5D92